Regarding stoppage of trains and upgradation of halt stations to full-fledged railway stations in Ballia and Ghazipur districts of Uttar Pradesh-laid

श्री सनातन पांडेय (बलिया) : फेफना रेलवे स्टेशन जिला बलिया एवं यूसुफपुर रेलवे स्टेशन, जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश में कोविड पूर्व काल में एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव था, जो कि कोविड काल में बंद कर दिया गया । मेरा सरकार से निवेदन है कि एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव उपरोक्त स्टेशनों पर पूर्व की भांति किया जाए ।

कोविड काल में पूर्व में रेवती रेलवे स्टेशन, जिला बलिया एवं ताजपुर स्टेशन जिला गाजीपुर को कोविड काल के दौरान हाल्ट स्टेशन में परिवर्तित कर दिया गया था जिससे यात्रियों का भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त दोनों स्टेशनों को हाल्ट स्टेशन के बजाय पूर्ण रूप से रेलवे स्टेशन का दर्जा दिया जाए ।